## कार्यालय उप वन संरक्षक, राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट उ0प्र0 आगरा

पत्रांक 80 /23–1 (इटावा–ग्वालियर मार्ग) दिनांक आगरा, जुलाई, 11 , 2022

**(Email: dfochambal@gmail.com, dfochambal@rediffmail.com)**

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
वन्य जीव, पश्चिमी क्षेत्र,
उ0प्र0 कानपुर।

**ऑनलाइन प्रस्ताव सं0–FP/UP/ROAD/150997/2022**

विषयः– जनपद इटावा के अन्तर्गत इटावा–ग्वालियर मार्ग रा0मा0सं0–92 के किमी0–70.500 से 78.600 तक के भाग का चौडीकरण एवं सुदृढीकरण में राष्ट्रीय चम्बल वन्य जीव विहार इटावा रेंज अन्तर्गत कि0मी0 74.700 से 77.950 तक के भाग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण में 5.345 हे0 वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में।

1– **ऑनलाइन प्रस्ताव सं0–FP/UP/ROAD/150997/2022**(फॉरेस्ट क्लीयरेंन्स)

2– **ऑनलाइन प्रस्ताव सं0–FP/UP/ROAD/150997/2022**(वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंन्स)

सन्दर्भः– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक–28/11–सी दि0–01.07.2022 का प्रस्ताव क्रमांक 38

महोदय

अनुरोधपूर्वक अवगत कराना है कि इटावा–ग्वालियर मार्ग रा0मा0सं0–92 के कि0मी0 70.500 से 78.600 तक के भाग का चौडीकरण एवं सुदृढीकरण और चम्बल नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इस परियोजना में इटावा–ग्वालियर मार्ग रा0मा0सं0–92 के कि0मी 70.500 से 74.700 तक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग इटावा एवं कि0मी0 74.700 से 77.950 तक का भाग राष्ट्रीय चम्बल वन्य जीव विहार रेंज इटावा अर्न्तगत है।

प्रस्तावित चौड़ीकरण में रा0मा0सं0–92 के दोनों तरफ की सैंक्चुरी अर्न्तगत 3.895 हे0 संरक्षित वन भूमि तथा 1.45 हे0 अवारी वन ब्लाक की आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी। इस प्रकार राष्ट्रीय चम्बल वन्य जीव विहार रेंज इटावा अर्न्तगत 3.895 हे0 +1.45 हे0= 5.345 हे0 वन भूमि प्रभावित होगी, साथ ही चम्बल नदी पर उच्च स्तरीय पुल का भी निर्माण कार्य किया जाना है।

परियोजना में विभिन्न प्रजातियों के 199 वृक्ष तथा प्रोसोपिस ज्यूलीफलोरा के 6500 झाड़ीनुमा वृक्ष प्रभावित होगें।

परियोजना में प्रभावित होने वाली 5.345 हे0 वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति वन संरक्षण अधिनियम 1980 अर्न्तगत प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव सं0 **FP/UP/ROAD/150997/2022** एवं वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 अर्न्तगत वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंन्स हेतु प्रस्ताव सं0 **FP/UP/ROAD/150997/2022** प्रयोक्ता एजेन्सी, अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लो0नि0वि0 इटावा (उ0प्र0) द्वारा अपलोड किया गया है।

परियोजना के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुये परिवेश पोर्टल पर प्रस्ताव के पार्ट– II भाग में राष्ट्रीय चम्बल वन्य जीव विहार रेंज इटावा से संबंधित सूचनाओं की प्रविष्टियों को संस्तुति सहित अपलोड कर दिया गया है। प्रयोक्ता एंजेसी द्वारा समस्त अभिलेखों सहित प्रस्ताव की हार्ड कापी 4 प्रतियों में एवं 4 पेन ड्राइव उपलब्ध कराते ही आपकी सेवा में प्रेषित किया जायेगा।

वाइल्ड लाइफ क्लीयरेन्स के प्रस्ताव **FP/UP/ROAD/150997/2022** से संबंधित हार्ड कॉपी एवं पेन ड्राइव प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तुत नही किया गया है, जिसके लिए उन्हे अवगत कराया गया है।

भवदीय

(दिवाकर प्रसाद श्रीवास्तव)
उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0 आगरा

पत्रांक 80 /उक्तदिनांकितः

प्रतिलिपि– अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग इटावा को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(दिवाकर प्रसाद श्रीवास्तव)
उप वन संरक्षक,
राष्ट्रीय चम्बल सैंक्चुरी प्रोजेक्ट,
उ0प्र0 आगरा

9/1(